**Annexure -XLVIII**

उत्तरांचल शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
सं0 30 / XXXV(13)G / 07–सू0 / 06–52(49)–06
देहरादून दिनांक 15 फरवरी, 2007

1. अपर मुख्य सचिव,, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / लोक प्राधिकारी इकाइयां।

**विषय– वित्तपोषित गैर सरकारी संगठनों के विवरण के सम्बन्ध में।**

जैसा कि आप अवगत हैं, उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या 177 / XXXII / 2005, सूचना का अधिकार अधिनिमय 2005 के अधीन लोक प्राधिकारी इकाईयों को चिन्हित किया गया है। तद्नुसार सचिवालय के समस्त विभाग, शासन के समस्त निदेशालय, सभी सार्वजनिक निगम, परिषद, आयोग, परियोजना, अभिकरण, प्राधिकरण, संस्थान, समितियां, स्वायत्तशासी संस्था तथा समस्त शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय निकाय और ऐसे गैर सरकारी संगठन जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकार से प्रर्याप्त मात्रा में वित्तपोषित (substantially financed) हैं, अधिनियम की धारा 2(h) के अधीन लोक प्राधिकारी इकाइयां घोषित है।

शासन व प्रशासन स्तर के प्रायः सभी लोक प्राधिकारी इकाइयों में अधिनियम की धारा 5 व 19 के अधीन लोक सूचना अधिकारी व विभागीय अपील प्राधिकारी नामित हो गय हैं । परन्तु अभी तक विभिन्न विभागों व लोक प्राधिकारी इकाइयों द्वारा वित्तपोषित गैर सरकारी संगठनों को अधिनियम की धारा 2(h)(ii) के अधीन लोक प्राधिकारी इकाईयां घोषित नहीं किया गया है।

अतः आपके विभाग या अधिनस्थ लोक प्राधिकरण द्वारा उत्तराखण्ड मे कार्यरत गैर सरकारी संगठनों को किसी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान या परियोजना व्यय के रूप में वित्तपोषण किया गया हो तो उन संगठनों का विवरण संलग्नक 1 पर यथाशीघ्र 28 मार्च 2007 से पहले, सामान्य प्रशासन विभाग, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ में भेजने का कष्ट करें ताकि ऐसे संगठनों को भी लोक प्राधिकारी इकाई घोषित कर उनसे वांछित सूचनायें प्राप्त की जा सकें।

भवदीय

(एस0 राजू)
सचिव

संलग्नक, यथोपरि

संख्या 30 (1) / XXXI (13) G / 07–सू0 / 06–52(49)–06 तद् दिनांकित–
प्रतिलिपि सूचनार्थ
1. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञान के लिए।
2. सचिव, उत्तराखण्ड राज्य सूचना आयोग।

(एस0 राजू)
सचिव

संलग्नकः 1

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 2(h)(ii) के अधीन शासन द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष* रूप वित्तपोषत गौर सरकारी संगठनो को विवरण**

विभाग/लोक प्राधिकारी नाम ..................................................

| **क्र.सं.** | **संगठन का नाम** | **पत्राचार का पता** | **परियोजना का नाम** | **अनुदित धनराशि** | **वर्ष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| | | | | | |

स्थान .......................

हस्ताक्षर .......................................

पदनाम ..........................................

दिनांक .....................

मुहर ..............................................

*राज्य सरकार की संस्तुति के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित गैर सरकार संगठन